अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ द्वारा वृक्षारोपण गतिविधि

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में आज दिनांक 18.07.2022 को प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत गुप्ता जी के दिशा निर्देश में "वृक्षारोपण पखवाड़े" के तहत पटेल नगर सेक्टर - 4 फरीदाबाद में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस गतिविधि में एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने अनेक पेड़ लगाए और पर्यावरण स्वच्छ बनाने के लिए चलाई जा रही मुहिम में भागीदारी की। स्वयंसेवकों ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि पेड़ों के बिना जीवित रहना असंभव है। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता ने कहा कि अगर हमें भविष्य में अच्छा जीवन व्यतीत करना है तो हमें पेड़ पौधों को काटने से बचाना होगा। इस अवसर पर श्रीमती त्रिमेश कालरा और डॉ० सीमा मलिक भी बच्चों के साथ वृक्षारोपण के लिए उपस्थित रही |